**प्रेस नोट - दिनांक 28.08.2026**
**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव ।**

## चोरी का एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा साथी बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण मे लिया गया

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी के एक आरोपी को घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चोरी 5000/- रु0 बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण मे लिया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 27.08.2026 को श्री सुधांशु पाण्डेय पुत्र कमलेश कुमार पाण्डेय नि0 भवन नहर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव द्वारा थाना गंगाघाट पर तहरीर दी गई कि प्रार्थी किसान सेवा केन्द्र पिपरी पेट्रोल टंकी का स्वामी है तथा दिनांक 27.08.2026 को मेरी टंकी पर कार्य करने वाले सेल्समेन सोनू जी तेल डालने का कार्य करता है इसने बैग में पैसा डालकर टंकी की मशीन पर टांग के बाथरुम करने चला गया तभी पहले से खड़े अज्ञात व्यक्ति ने टंकी पर टंगे पैसे का बैग चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 472/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 28.08.2026 को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा सरैया क्रासिग के निर्माणाधीन पुल के प्रारम्भ होने वाले स्थान से अभियुक्त मोतीलाल पुत्र नारायण निषाद निवासी नाथू खेड़ा कंचन नगर बी थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र करीब 48 वर्ष को कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल व चोरी 5000 /- रु0 बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण मे लिया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त –

1. मोतीलाल पुत्र नारायण निषाद निवासी नाथू खेड़ा कंचन नगर बी थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र करीब 48 वर्ष

**एक बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में है**

## बरामदगी -

चोरी की घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल व चोरी के 5000/- रुपये बरामद



## कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अजय कुमार सिंह
2. उ0नि0 मूलचन्द्र पाठक
3. का0 अंकुर तोमर
4. का0 नितिन कुमार
5. का0 भानू प्रताप
6. का0 साहिब निरंजन